आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के आगामी 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में शुरू होने जा रहे महाकुंभ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं बल्कि इसकी विविधता में भी है। उन्होंने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का आह्‌वान किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष जताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2015 से 2023 के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि आने वाले वर्ष में भारत नई ऊंचाईयों को छुएगा।

शपथ

न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला स्थित राजभवन में नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ समारोह में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और मंत्रिमण्डल के सदस्यों सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। न्यायमूर्ति संधावालिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से उनका पुराना नाता है और पंजाब व हरियाणा की तुलना में इस प्रदेश में अपराध काफी कम है। उन्होंने कहा कि सभी को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा और लंबित मामलों के निपटारे के लिए अतिरिक्त समय दिया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया का विस्तृत अनुभव व दृष्टिकोण प्रदेश को लाभान्वित करने सहित न्याय की भावना को और ऊंचाई प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए सरकार अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि बेहतर शिक्षा के लिए सरकार ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के 6 स्थानों पर इन स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल में प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं कक्षा तक करीब एक हज़ार छात्रों को समायोजित करने की क्षमता होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों को हाईटेक स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम और स्वीमिंग पूल जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

समीक्षा बैठक

भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर एक समीक्षा बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित राष्ट्रीय स्तर के नेता व सभी प्रदेशों के अध्यक्ष के अलावा अन्य नेता भी इस दौरान मौजूद रहे। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस समीक्षा बैठक का उद्देश्य मंडल, ज़िला और राज्य कार्यालय धारकों के चुनावों पर ध्यान केन्द्रित करना है। पार्टी का लक्ष्य आगामी 15 जनवरी तक 50 प्रतिशत राज्यों में मंडल, जिला और राज्य के पदों के लिए चुनाव संपन्न कराना है। प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह–प्रभारी संजय टंडन और पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल भी बैठक में मौजूद रहे।

नववर्ष तैयारी

क्रिसमस के बाद प्रदेश में नए साल के जश्न को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल का रूख कर रहे हैं। प्रदेश के होटलों में आगामी 4 जनवरी तक कमरों की एडवांस बुकिंग चल रही है। राजधानी शिमला व पर्यटन नगरी मनाली सहित धर्मशाला, खजियार और कसौली के साथ–साथ अन्य स्थलों पर भी सैलानियों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पर्यटकों की संख्या में वृद्धि देखी गई है।

इधर राजधानी शिमला में पिछले 3 दिनों में करीब 60 हज़ार पर्यटक वाहन पहुंचे हैं। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि पर्यटकों व स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

नववर्ष को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। हालांकि 7 दिन के राष्ट्रीय शोक के चलते पर्यटकों को शिमला में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को नहीं मिलेंगे।

.......................................